पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ़ पैलियोबॉटनी का संस्थापक दिवस

वैज्ञानिक आम आदमी के विकास के लिये शोध कार्य करें - राज्यपाल

लखनऊः 14 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट आफ पैलियोबाॅटनी, लखनऊ के संस्थापक दिवस पर देश के वैज्ञानिकों का आह्वान किया है कि आम आदमी के विकास के लिये शोध कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश में कोयला, प्राकृतिक गैस व पेट्रोलियम के भण्डार की खोज के लिये काम करना वैज्ञानिकों के लिये एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री नेे 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया तो दूसरे पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने पोखरण परमाणु परीक्षण के अवसर पर नारे में 'जय विज्ञान' जोड़ कर देश की प्रगति के लिए एक नया अध्याय आरम्भ किया।

राज्यपाल ने सर्वप्रथम इंस्टीट्यूट आॅफ पैलियोबाॅटनी स्थित संस्थापक, स्व0 बीरबल साहनी की समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित करके अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह संयोग है कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री व विख्यात वैज्ञानिक स्व0 बीरबल साहनी का आज जन्म दिवस है। इंस्टीट्यूट का शिल्यानास व उद्घाटन पंडित नेहरू ने किया था। यह गर्व की बात है कि स्व0 बीरबल साहनी विज्ञान के विद्वान थे और पंडित नेहरू राजनैतिक विज्ञान के ज्ञाता थे। दोनों महानुभावों का कार्य ऐतिहासिक है क्योंकि दोनों के पास व्यापक दृष्टि थी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले यही संकल्प बाल दिवस के दिन सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्री नाईक ने इस अवसर पर संस्था के कई प्रकाशनों का विमोचन भी किया। संस्थान के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को मेडल देकर सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे कार्य संस्कृति में सुधार आता है। प्रोत्साहन से जहां एक ओर पहचान मिलती है वहीं अपने कार्य को भविष्य में और अधिक दायित्व से करने की प्रेरणा भी मिलती है।

राज्यपाल ने इस असर पर संस्थान के संग्रहालय का भ्रमण किया तथा सराहना भी की। कार्यक्रम में डाॅ0 बीनीता, डाॅ0 हुकुम सिंह, डाॅ0 रूपेन बाबू, डाॅ0 मुकुंद शर्मा, डाॅ0 माधव कुमार, डाॅ0 कमलजीत सिंह, डाॅ0 आर0सी0 मेहरोत्रा, डाॅ0 बी0डी0 सिंह, श्रीमती निर्मला, श्री अशोक कुमार, श्री अवनीश कुमार, श्री धन बहादुर कंवर, श्रीमती बीना, मो0 शकील, श्री राजेश कुमार अवस्थी सहित अन्य लोगों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

संस्थापक दिवस
FOUNDER'S DAY
PALAEOBOTANIST
Sunil Bajpai
H S Das

संस्थापक दिवस
FOUNDER'S DAY
14 नवंबर 2014
Sunil Bajpai
J G Meert

FOU
बीरबल साहनी पुरावन
BIRBAL SAHNI INSTITUTE
N J Butterfield